माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश, भोपाल

ई–मेल : mpbse @ mp.nic.in वेब साइट : www.mpbse.nic.in
☎ : कार्या:– (0755) 2551650

क्रमांक/2206 /प.स./2021 भोपाल दिनांक 17/12/2021

प्रति,

समस्त प्राचार्य,
मण्डल से मान्यता/संबद्धता प्राप्त शासकीय/अशासकीय संस्थाएँ
मध्यप्रदेश।

विषय– शैक्षणिक सत्र 2021–22 में अध्ययनरत कक्षा 11वीं एवं 12वीं के छात्रों के त्रै–मासिक परीक्षा के अंकों की ऑनलाइन प्रविष्टी करने के संबंध में।

संदर्भ– मण्डल का पत्र क्रमांक/2136–37/प.स./2021, दिनांक 09.09.2021।

––00––

शैक्षणिक सत्र 2021–22 की त्रै–मासिक, छःमाही, प्री–बोर्ड एवं मुख्य परीक्षा के अंकों की ऑनलाइन प्रविष्टी करने हेतु मण्डल द्वारा संदर्भित पत्र जारी किया गया है। जिसमें ऑनलाईन प्रविष्टि के संबंध में विस्तृत निर्देश, व्यवस्थायें एवं तिथियाँ पृथक से जारी करने का उल्लेख किया गया है।

उपरोक्त के अनुक्रम में मण्डल द्वारा समस्त मान्यता/संबद्धता प्राप्त संस्थाओं को उनके एम. पी. ऑनलाइन के लॉगिन में कक्षा 11वीं एवं 12वीं के त्रै–मासिक परीक्षा के ऑनलाइन अंको की प्रविष्टि करने की सुविधा दिनांक 20.12.2021 से 15.01.2022 तक उपलब्ध होगी।

कक्षा 11वीं के अंकों की प्रविष्टि हेतु आपकी शाला में विगत वर्ष अध्ययनरत छात्रों की सूची ऑनलाइन उपलब्ध होगी। इस सूची में शाला को छोड़कर गए छात्रों को पृथक करे एवं नवीन प्रवेशित छात्रों को नामांकन क्रमांक से सूची में जोड़े। तत्पश्चात प्रत्येक छात्र के विषयों का चयन करे, उक्त कार्यवाही होने के पश्चात छात्रवार अंकों की प्रविष्टि करे।

अतः निर्धारित तिथि में संस्था प्रवेशित समस्त छात्रों के त्रै–मासिक परीक्षाओं के अंकों ऑनलाईन अंक प्रविष्टि करना सुनिश्चित करें।

सचिव
माध्यमिक शिक्षा मण्डल,
मध्यप्रदेश,भोपाल

पृष्ठांकन क्रमांक/2207 /प.स./2021 भोपाल, दिनांकः 17/12/2021

प्रतिलिपि :–

1– प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल।
2– आयुक्त, लोक शिक्षण गौतम नगर, मध्यप्रदेश, भोपाल।
3– आयुक्त, आदिवासी विकास, सतपुड़ा भवन, मध्यप्रदेश, भोपाल।
4– आयुक्त, अनुसूचित जाति विकास, श्यामला हिल्स, मध्यप्रदेश, भोपाल।
5– समस्त–संभागीय आयुक्त, मध्यप्रदेश।
6– समस्त–मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, मध्यप्रदेश।
7– समस्त–संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण, समस्त संभाग, मध्यप्रदेश।
8– समस्त–उपायुक्त/सहायक आयुक्त/जिला संयोजन, आदिम जाति कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश।
9– समस्त–जिला शिक्षा अधिकारी, मध्यप्रदेश।
10– समस्त–प्राचार्य जिला समन्वयक संस्थायें, मध्यप्रदेश।
11– आंचलिक/समस्त–संभागीय अधिकारी, संभागीय कार्यालय, माध्यमिक शिक्षा मण्डल म.प्र. ।
12– सी.एस.ओ./जनसम्पर्क अधिकारी/पंजीयक परीक्षा/विधि सलाहकार/समस्त स.स./क.अ. /समकक्ष अधिकारी/लोक सूचना/सुरक्षा अधिकारी, मा.शि.म.भोपाल।
13– नि.स.–अध्यक्ष/उपाध्यक्ष/सचिव/अतिरिक्त सचिव/उपसचिव/परीक्षा नियंत्रक/वित्ताधिकारी, मा.शि.मं.म.प्र।

सचिव
माध्यमिक शिक्षा मण्डल,
मध्यप्रदेश, भोपाल